Re: Need to increase the amount of PM Kisan Samman Nidhi Yojana ? laid

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना किसान सम्मान निधि करोड़ो किसानों के लिए एक वरदान साबित हुई है। खास कर छोटे और मझौले किसान जिनकी जीविका का एक मात्र साधन खेती है। महोदय मैं खुद एक किसान परिवार से आता हूँ और मेरा संसदीय क्षेत्र भी एक कृषि आधारित क्षेत्र है जहां अत्यधिक मात्रा में लोग सब्ज़ी, फल और फूलों की खेती करते है उनके लिए किसान सम्मान निधि योजना बहुत ही उपयोगी साबित हुई है, इसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी को अपने पूरे संसदीय क्षेत्र की तरफ़ से धन्यवाद करता हूँ। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि किसान सम्मान निधि को छः हज़ार रूपये से बढ़ाकर कम से कम एक हज़ार रूपये प्रति माह या दस हज़ार रूपये सालाना करने की कृपा करें।